an>

Title: Need to provide 50 percent profit to farmers for expenditure on paddy and cotton crops and also increase Guarantee price of the crops.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : सभापति जी, वर्ष 2013-14 में धान का गारंटी मूल्य 1310 रुपये तथा कपास का गारंटी मूल्य 4000 रुपये था। इस वर्ष 2014-15 के लिए सरकार ने जो गारंटी मूल्य की घोषणा की है उससे किसानों को लगता था कि बढ़त 50 परसेंट होगी और फसल पर होने वाले खर्चे पर किसानों को फायदा होगा। इस ढंग से सभी की इच्छाएं थी लेकिन 50 रुपये बढ़ाने से किसी भी किसान को इसका लाभ नहीं होगा, ऐसा हमें लगता है।

अतः मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि केन्द्र सरकार धान और कपास सहित अन्य फसलों पर होने वाले खर्चों सहित किसानों को 50 प्रतिशत मुनाफा तथा फसल का गारंटी मूल्य किसानों की मांग के अनुरूप बढ़ाए, जिससे किसान अपनी जीविका अच्छी तरह से चला सकें और आत्म-हत्या करने के लिए मजबूर न हों।